राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'बिहार दिवस' के सुअवसर पर बिहारवासियों को बधाई दी

पटना, 19 मार्च 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने 'बिहार–दिवस' (22 मार्च, 2019) के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों और प्रवासी बिहारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल श्री टंडन ने कहा है कि बिहार शिक्षा, शांति, सुसंस्कृति, साधना, अहिंसा और समरसता की पावन भूमि है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, दार्शनिक, शैक्षिक आदि विभिन्न दृष्टियों से गौरवशाली बिहार राज्य निरन्तर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

राज्यपाल ने समस्त राज्यवासियों से बिहार के समग्र विकास और नव–निर्माण हेतु संकल्पित होकर राष्ट्रीय एकता और सद्भावना को भी सुदृढ़ और सशक्त बनाने का अनुरोध किया है।

....